Annual Examination 2015-16

Subject : Hindi

Class : Vii

Time : 3 hrs MM : 100

नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य है–

प्र.1 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. खाट के नीचे की ठंडी जमीन कुत्ते को ....लगी।
2. उनसे बचने के लिए चौधरी दादा मुझे ....में खींच ले गए थे।
3. .... वृक्ष की डाल पर आसीन था।
4. गुजरात अधिवेशन में दोनों भाइयों ने ....से भेंट की।
5. जैसी जिसकी मर्यादा ....में वैसा उसे खर्च भी करना पड़ता है।

प्र.2 किसने किससे कहा?

1. ''चलो मेरे साथ समय नहीं है'' ....ने ....से.
2. ''दो दिन से खाना नहीं मिला है।'' ....ने ....से
3. ''मैं स्वयं कुछ न कहूँगा, लेकिन उन्होंने मुझसे पूछा तो? ....ने ....से
4. ''भाई साहब, हम सब–के–सब तुम्हारे अपराधी हैं।'' ....ने ....से
6. ''फिर कोई यह न कहे कि हम निरअपराध मारे गए।''..........................ने ....से।

प्र.3 सही वाक्य के सामने (✓) तथा गलत के सामने गलत का (✗) लगाइए–

1. सभी लड़कों ने बहादुर साह से क्षमा माँगी।
2. कबरी बिल्ली ने रामू की बाहु को मारा।
3. मित्र ने कुत्ते को रोटी खिलाने को कहा।
4. कविता में मेघ बन–ठन कर आए हैं।
5. जो कष्अ सहने में समर्थ होए उसे सहनशील कहते है।

https://www.evidyarthi.in/

प्र.4 सही जोड़ी बनाओ। **(5)**

1. सच्चाई का उपहार – सुभद्रा कुमारी चौहान।
2. मेघ आए – रामवृक्ष बेनीपुरी।
3. जलियाँवाला बाग मे बसंत – रहीम।
4. बूढ़ा कुत्ता – सर्वेश्वर दयाल सक्सेना।
5. रहीम के दोहे – पेमचन्द्र।

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य के लिखिए–

1. वल्लभाई पटेल की पत्नी की मृत्यु कैसे हुई?
2. सर्वप्रथम जल लेने कौन गया?
3. बलकरन दूध लेने कहाँ गया?
4. कुत्ते की अधिक भक्ति किसके प्रति थी?
5. प्रस्तुत कविता में घाघरा उठाकर कौन भागी?

प्र.6 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. श्री हरिकोटा के निवासी अपना जीवन कैसे निर्वाह करते थे?
2. वायु को मंद चाल से चलने के लिए क्यों कहा जा रहा है?
3. जमीदार के लड़कों को फुलवारी उजाड़ते हुए किसने देख लिया था?
4. जब रानी मायके गई तो क्या हुआ?
5. कैसे पता चलता है कि बलकरन बीर बालक था?
6. धर्मदेव ने प्रसन्न होकर क्या कहा?
7. पटेल को लौह – पुरूष क्यों कहा जाता है?

प्र.7 निम्नलिखित पंक्तियों की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।

लाता संग में पुष्प, न हों वे अधिक सजीले।

हो सुगंध भी मंद, और से कुछ–कुछ गीले।

किंतु न तुम उपहार भाव आकर दरसाना।

स्मृति में पूजा हेतु यहाँ थोड़े विखराना।।

https://www.evidyarthi.in/

प्र.8 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मुगल शासन के कमजोर होने पर अवध एक स्वतंत्र राज्य बन गया। और लखनऊ उसकी राजधानी बना। अवध की गद्दी पर अंतिम नवाब वाजिदअली शाह 1847 में बैठा। उसकी रूची शासन चलाने में नहीं थी। अतः उसने अपने पूर्वजों की संधि के अनुसार शासन की व्यावस्था कंपनी के हाथ में दे दी।

1. अवध राज्य की राजधानी क्या थी?
2. अवध का अंतिम शासक कौन था?
3. अवध एक स्वतंत्र राज्य कब बना?
4. वाजिदअली शाह ने क्या किया?
5. वाजिदअली गद्दी पर कब बैठा?

प्र.9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।
   क. अपराधिनी ख. ज्ञानी
2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।
   क. नतमस्तक ख. धनाभाव
3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए।
   क. इच्छा ख. आवश्यकता
4. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।
   क. विद्यालय ख. पत्नी
5. निम्नलिखित शब्दों का विग्रह कीजिए।
   क. देवालय ख. सीमांत
6. निम्नलिखित शब्दों को प्रचलित रूप में लिखिए।
   क. तरवारि ख. बिपति
7. निम्नलिखित वाक्यों को दिए गए काल के अनुसार बदलकर पुनः लिखिए।
   क. मुझे वह चाकुवाला बहादुर कहता था। (वर्तमान काल)
   ख. वह कल स्कूल गया था। (भविष्य काल)
8. निम्नलिखित शब्दों के स्त्रीलिंग बनाइए।

https://www.evidyarthi.in/

क. राजा ख. मोर

9. संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

10. वाक्य किसे कहते हैं?

प्र.10 अपने प्रधानाध्यापक को शुल्क मुक्ति हेतु प्रार्थना –पत्र लिखिए।

अथवा

परीक्षा में प्रथम आने पर अपने मित्र को एक बधाई–पत्र लिखिए।

प्र.11 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। **(5)**

1. कम्प्यूटर
2. पं. जवाहरलाल नेहरू
3. विद्यालय

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/